>

Title: Regarding iron ore mining flouting environment norms in Kanker Parliamentary Constituency, Chhattisgarh - Laid.

श्री मोहन मण्डावी (कांकेर) : मेरा संसदीय क्षेत्र कांकेर है जिसमें आठ लौह अयस्क के खदान है जिसकी पहचान पूरे भारतवर्ष में है । तहसील भानुप्रतापपुर के कच्चे माइंस का मेरे द्वारा अवलोकन किया गया, जिसमें इकरारनामा का खुला उल्लंघन कर सैंकड़ों एकड़ भूमि अतिक्रमण कर दोहन किया जा रहा है । निजी कंपनियों द्वारा उक्त क्षेत्र में नियम विरूद्ध खनन कार्य जारी है जिससे किसानों के खेतों में खदान का लाल पानी आने से, परिवहन के धूल उड़ने से फसल खराब हो रही है । साथ ही स्थानीय निवासियों का प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है जो नियम के विरूद्ध है । खनन कम्पनी पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की उचित सहयोगात्मक कदम नहीं उठा रही है तथा सीएसआर फंड का सही उपयोग न होकर बंदाबांट हो रहा है । यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र है और क्षेत्रीय मजदूरों का शोषण भी किया जा रहा है । सरकार द्वारा उक्त खनन कार्य को रोकने की तात्कालिक कार्यवाही हो ।

अतः स्थानीय जनता की मांगों को लेकर सरकार के संज्ञान में लाते हुए नियमतः उचित कार्यवाही की पुरजोर मांग करता हूं ।